इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 19.09.2023

आत्महत्या हेतु दुष्प्रेरण के आरोपी 01 वाछिंत अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादिनी यशोदा पत्नी कप्तान सिंह नि0 सुभाष नगर मेला के पास, थाना सिटी कोतवाली, जनपद भिंड, मध्यप्रदेश ने थाना इकदिल पर तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 10.07.2023 उसका पुत्र **शिवम पुत्र कप्तान सिंह** अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था जहां ससुराली पक्ष द्वारा उसके पुत्र के साथ गाली गलौज व अपमान जनक व्यवहार किया गया जिससे आहत होकर उसके पुत्र शिवम ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के संबंध मे तत्काल थाना इकदिल पुलिस द्वारा **मु0अ0सं0 167/23 धारा 306 भादवि** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे आज दिनांक 19.09.2023 थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना इकदिल पुलिस टीम द्वारा **मु0अ0सं0 167/23** मे **वांछित अभियुक्त प्रमोद शाक्य पुत्र कमलेश उर्फ पप्पू शाक्य** को **मानिकपुर मोड से समय 12.15 बजे गिरफ्तार** किया गया।

नोटः- **उक्त अभियोग मे 01 अभियुक्ता व अन्य 02 अभियुक्तों को पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

प्रमोद शाक्य पुत्र कमलेश उर्फ पप्पू शाक्य निवासी खेरिया तोर मेहगांव मुक्तिधाम के पास पंचायतघर थाना मेहगांव जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश उम्र 30 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 167/23 धारा 306 भादवि थाना इकदिल जनपद इटावा।

पुलिस टीमः- निरीक्षक श्री दीपक कुमार प्रभारी थाना इकदिल, उ0नि0 संजय सिंह, का0 ललित कुमार।